प्रेषक,

संध्या चौधरी,
विशेष न्यायाधीश(एन.डी.पी.एस.एक्ट)/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट संख्या–7 मुरादाबाद ।

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक महोदय,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद,उत्तर प्रदेश ।

द्वारा– माननीय जनपद न्यायाधीश,
मुरादाबाद ।

विषयः– **वार्षिक स्थानान्तरण 2021 के स्थगन के सम्बन्ध में प्रत्यावेदन।**

महोदय,

ससम्मान विनम्र निवेदन है कि अप्रैल वर्ष 2018 में प्रार्थनी का स्थानान्तरण जनपद आजमगढ़ से जनपद मुरादाबाद हुआ था । वर्ष 2021 में प्रार्थनी का वार्षिक स्थानान्तरण नियत है ।

यहां यह उल्लेखनीय है कि प्रार्थनी की पुत्रियां तरूषि आयु लगभग 17 वर्ष व त्रिशला आयु लगभग 14 वर्ष क्रमशः कक्षा–11 व कक्षा–9 की छात्रा हैं उनका शैक्षणिक सत्र माह अप्रैल 2021 में पूरा होगा और अगले शैक्षणिक वर्ष 2021–2022 में उनकी बोर्ड की परीक्षा होनी हैं। जिस विद्यालय में प्रार्थनी की पुत्रियां शिक्षा ग्रहण कर रही हैं उसमें बोर्डिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं है इस वर्ष प्रार्थनी के स्थानान्तरण होने से प्रार्थनी की पुत्रियों की इन्टर मीडिऐट व हाई स्कूल बोर्ड की परीक्षा व उनकी शिक्षा पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा,जिससे प्रार्थनी की पुत्रियों का भविष्य प्रभावित होगा ।

अतएव माननीय न्यायालय से विनम्र अनुरोध है कि प्रार्थनी का इस वर्ष का स्थानान्तरण स्थगित करने की कृपा करें,जिससे की प्रार्थनी की पुत्रियों की शिक्षा प्रभावित न हो। प्रार्थनी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुक्रम में बैबसाइट पर निर्धारित प्रारूप में आवेदन–पत्र प्रेषित कर दिया गया है,जिसकी हार्ड प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है ।

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के समक्ष प्रार्थनी का प्रत्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु सादर प्रेषित है ।

सादर ।

भवदीया,

दिनांक 26–11–2020

संलग्नक–शिक्षा के सम्बन्ध में स्कूल का प्रमाण–पत्र।

(संध्या चौधरी)
विशेष न्यायाधीश(एन.डी.पी.एस.एक्ट)/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट संख्या–7 मुरादाबाद ।
आई0 डी0 नम्बर–6161

कार्यालय जनपद न्यायाधीश मुरादाबाद ।

पत्रांक /2020(प्रशा०) मुरादाबाद दिनांकः

सेवा में,

महानिबन्धक ,
माननीय उच्च न्यायालय,इलाहाबाद को अग्रसारित ।

जनपद न्यायाधीश,
मुरादाबाद।

Digitally signed by Sandhya Choudhary
Date: 2020.11.26 14:54:52 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court